# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

25 जनवरी 2025, शनिवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दिल्ली के राजौरी गार्डन एवं त्रिनगर की जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**दिल्ली को दुनिया की सभी राजधानियों में नंबर 1 बनाने के लिए दिल्लीवासी मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा को विजयी बनाने जा रहे हैं**

*******************

**5 फरवरी को कमल का बटन दबा कर दिल्ली की जनता कूड़े के पहाड़ के साथ-साथ आप-दा सरकार का भी दिल्ली से सफाया करेगी**

*******************

**आप-दा सरकार ने 10 वर्षों में सिर्फ कुशासन और भ्रष्टाचार कर वादाखिलाफी और धोखे की राजनीति के नये रिकॉर्ड बनाए**

*******************

**कनेक्टिविटी के नाम पर टूटी सड़कें और मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर मेडिकल टेस्ट का घोटाला कर अरविंद केजरीवाल ने सिर्फ वादाखिलाफी की है**

*******************

**रिहायशी इलाकों, स्कूल, मंदिर व गुरुद्वारों के पास शराब की दुकानें खोल अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को शराब की मंडी बनाकर हज़ारों करोड़ का भ्रष्टाचार किया**

*******************

**अरविंद केजरीवाल ने अस्पतालों के नाम पर फर्जी मोहल्ला क्लिनिक खोलकर दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया है**

*******************

**अरविंद केजरीवाल ने 10 वर्षों तक झूठ, धोखा, भ्रष्टाचार और विश्वासघात की राजनीति की, दूसरी ओर मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें तेजी से विकास कर रही हैं**

*******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली की राजौरी गार्डन एवं त्रिनगर की जनसभाओं को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार में हुए घोटालों और भ्रष्टाचार की जमकर आलोचना की। श्री शाह ने कहा कि **आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को स्वच्छ जल देने, प्रदूषण मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त करने का वादा किया था, लेकिन 10 वर्षों के बाद भी कोई काम नहीं किया गया।** कार्यक्रम के दौरान मंच पर दिल्ली भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा, लोकसभा सांसद श्रीमती कमलजीत सिंह सहरावत और विधानसभा प्रत्याशी सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, सांसद श्री प्रवीण खंडेलवाल, भाजपा राष्ट्रीय सचिव श्री सुनील बंसल, त्रिनगर से भाजपा प्रत्याशी श्री तिलकराम समेत अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने उन्हें अवगत कराया है कि राजौरी की जनता की यह मांग है कि राजौरी को कूड़े-कचरे से मुक्त किया जाए, शुद्ध पानी मिले, बाग-बगीचों को

बेहतर किया जाए और इसके लिए आप-दा  को हटाना पड़ेगा। इसके साथ ही, **दिल्ली को विश्व में अव्वल राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए भी आम आदमी पार्टी को सत्ता से हटाना होगा** और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा को दिल्ली में विजयी बनाना आवश्यक है। **अरविंद केजरीवाल ने 10 वर्षों के अपने शासन में कुशासन, भ्रष्टाचार, और तुष्टीकरण के जरिए दिल्ली को अव्यवस्था का शिकार बना दिया है।** **"आप' सरकार ने 10 वर्षों में केवल वादा खिलाफी की है और अब भाजपा के आने का डर दिखाकर झूठे फोन कॉल के जरिए लोगों को भ्रमित कर रही है कि भाजपा आने पर योजनाएं बंद कर दी जाएंगी।** उन्होंने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली में कोई भी योजना बंद नहीं की जाएगी**। जो वादे अरविंद केजरीवाल ने 10 वर्षों में पूरे नहीं किए, उन्हें भाजपा की सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। यह हमारे संकल्प पत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

श्री शाह ने कहा कि **अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने अपने 10 साल के शासनकाल में जनता को केवल धोखा दिया है। कनेक्टिविटी के नाम पर टूटी सड़कों का निर्माण किया, मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर घपले-घोटाले किए** और बारिश के मौसम में दिल्ली की सड़कों को झील में बदल दिया। **अरविंद केजरीवाल ने राजनीति में सुशासन शब्द को ही खत्म कर दिया**। केजरीवाल ने कहा था कि रिहायशी इलाकों से शराब की दुकानें बंद करेंगे, लेकिन इसके विपरीत स्कूल, मंदिर और गुरुद्वारों के पास शराब की दुकानें खोल दीं और उनमें भी हजारों करोड़ रुपए का घोटाले किए। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसका संज्ञान लिया और इन भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई कर इनके मंत्रियों और विधायकों को जेल भेजा गया। **केजरीवाल ने वादा किया था कि 5 साल के भीतर यमुना को साफ और शुद्ध करेंगे, लेकिन आज तक यमुना की सफाई के लिए कोई ठोस कार्य नहीं हुआ**। श्रद्धालु **छठ मनाने के लिए यमुना किनारे जाना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है**। केजरीवाल ने यमुना में डुबकी नहीं लगाई, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनके पुतले को यमुना में डुबकी लगवा ही दी। हालात ऐसे हो गए कि उनका पुतला तक बीमार पड़ गया। **भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र के माध्यम से दिल्ली की जनता से वादा करती है कि 5 साल के भीतर गुजरात के साबरमती रिवरफ्रंट के तर्ज पर यमुना का विकास करेगी**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **केजरीवाल ने अस्पतालों में दोगुने बेड करने का वादा किया था लेकिन उन्होंने 100 बेड भी नहीं बढ़ाए**, बस अस्पतालों के नाम पर मोहल्ला क्लीनिक खोलकर घपले-घोटाले किए। **दिल्ली की गरीब जनता को जब ऑपरेशन की जरूरत पड़ेगी, एमआरआई की जरूरत पड़ेगी तो वो कहां जाएगी**? **केजरीवाल ने दिल्ली के अंदर केन्द्र की आयुष्मान भारत योजना को रोक कर गरीबों को मिलने वाले लाभ से वंचित किया है**। दिल्ली की जनता इस बार आप-दा  को हटा दे तो भारतीय जनता पार्टी 10 लाख तक का निशुल्क इलाज कराने की व्यवस्था करेगी। **आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को स्वच्छ जल देने, दिल्ली को प्रदूषण और भ्रष्टाचार मुक्त करने का वादा किया था लेकिन 10 वर्षों के बाद भी "आप" ने कोई काम** नहीं **किया और न ही इसका हिसाब दिया**। दिल्ली में टैंकर माफिया का राज है, कूड़ा मुक्त दिल्ली का वादा भी पूरा नहीं किया गया, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाने का वादा करने वाले केजरीवाल ने एक कॉलेज तक नया नहीं बनवाए। **इन्होंने वर्ल्ड क्लास स्कूल बनाने का वादा किया था लेकिन दिल्ली के 50 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूल छोड़ कर प्राइवेट स्कूल में एडमिशन ले लिया है।** अन्ना के आंदोलन में **केजरीवाल कहते थे कि हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे लेकिन दो महीने में पार्टी बना ली। बाद में केजरीवाल ने कहा कि हम कांग्रेस का समर्थन नहीं करेंगे लेकिन उन्होंने सत्ता में आने के लिए उनका समर्थन भी ले लिया।** इन्होंने कहा था कि हम भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली बनाएंगे लेकिन सत्ता में आने के बाद हजारों करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया। **दिल्ली का शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री तक शराब घोटाले में जेल गए।**

श्री शाह ने कहा कि **दिल्ली में 5400 करोड़ रुपए का राशन घोटाला हुआ**, **जल बोर्ड का घोटाला हुआ**, **4500 करोड़ रुपए का डीटीसी बसों में घोटाला हुआ**, **1300 करोड़ रुपए का स्मार्ट क्लास रूप घोटाला हुआ**, **571 करोड़ रुपए का सीसीटीवी घोटाला हुआ और 4 बंगले तोड़कर केजरीवाल ने 50 हजार वर्ग मीटर में 52 करोड़ रुपए का अपना शीश महल बनाया**। जिस पैसे से नए स्कूल बनाने थे, अस्पताल बनाने थे, कूड़ा कचरा उठाना था, यमुना को स्वच्छ करना था लेकिन केजरीवाल ने उस पैसे को घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। दिल्ली की जनता के पास मौका है कि वो 5 फरवरी को आप-दा  को हटा कर भारतीय जनता पार्टी को लाने का कार्य करे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे हैं कि भाजपा आएगी तो दिल्ली में चल रही योजनाएं बंद हो जाएंगी,** लेकिन **सच्चाई यह है कि दिल्ली में जारी कोई भी गरीब कल्याण योजना बंद नहीं होगी**। इसके विपरीत, भाजपा सरकार बनने पर हर गरीब महिला को 2500 रुपये सीधे उनके खातों में भेजे जाएंगे। गर्भवती माताओं को 21 हजार रुपये की सहायता राशि और 6 पोषण किट प्रदान की जाएंगी। 500 रुपये में सिलेंडर उपलब्ध कराने के साथ, होली-दिवाली पर अतिरिक्त 2 मुफ्त सिलेंडर दिए जाएंगे। हर व्यक्ति को 10 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज और डायग्नोस्टिक जांच की सुविधा दी जाएगी। **वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर 2500 रुपये मासिक किया जाएगा, विधवाओं और बेसहारा महिलाओं की पेंशन को 2500 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह किया जाएगा।** जेजे क्लस्टर में रहने वालों को 5 रुपये में पूरी थाली दी जाएगी। छात्रों के लिए केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त की जाएगी। अनुसूचित जाति और जनजाति समाज के छात्रों को 1 हजार रुपये की स्कॉलरशिप प्रतिमाह दी जाएगी। ऑटोचालकों और टैक्सी चालकों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा मिलेगा। साथ ही, महिलाओं को 6 महीने का मातृत्व अवकाश देने का प्रावधान भाजपा सरकार करेगी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को लाभ प्रदान किया जाएगा। गिग वर्कर्स को ₹10 लाख तक का जीवन बीमा और ₹5 लाख तक का दुर्घटना बीमा मिलेगा। **भाजपा 1,700 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक देगी। दिल्ली की 13,000 सील की गई दुकानों को दोबारा खोलने के लिए न्यायिक विकल्पों पर वकीलों से चर्चा की जा रही है। एल एंड डीओ के स्वामित्व वाले बाजारों को फ्रीहोल्ड में बदलने का चरणबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की सभी पवित्र नदियों के शुद्धिकरण का कार्य किया गया है लेकिन केजरीवाल दिल्ली की यमुना की सफाई नहीं कर पाए ।  केजरीवाल जी, यदि आपकी भगवान पर श्रद्धा है तो  कुंभ में जाकर डुबकी लगाकर देखो, आपको भरोसा हो जाएगा कि मोदी जी ने नदियों के लिए कितना काम किया है।** दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनने के 5 वर्षों बाद केजरीवाल को यमुना में भी डुबकी लगाने का पुण्य भी मिल जाएगा। **केजरीवाल की सरकार बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को शरण दे रही है, इसलिए इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद, बांग्लादेशी और रोहिंग्या को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का वादा पत्थर की लकीर होता है, **मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी**। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में राम मंदिर बनाने का वादा किया था, जिसे पूरा करते हुए 22 जनवरी, 2024 को श्री राम लला की 'प्राण प्रतिष्ठा' की गई। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण, सीमाओं को सुरक्षित करना, आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करना, और तीन तलाक समाप्त करना जैसे वादे भी पूरे किए गए। पिछले 10 वर्षों में अरविंद केजरीवाल ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। **दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी**

**के झूठे वादों से सतर्क रहना चाहिए और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर भरोसा करना चाहिए**। श्री शाह ने आगामी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने और कमल के निशान पर वोट डालने की अपील की, ताकि दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन सरकार बन सके और इसे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाया जा सके।

********************